सुविचार
जिंदगी की हर सुबह कुछ, शर्तें लेकर आती है, और जिंदगी की हर शाम कुछ तजुर्बे देकर जाती है..!!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom of Speech
संपादक :- नागेश नरवरिया
RNI.NO. MPHIN/2015/76299


पेज -7

वर्ष 6, अंक-74 | भोपाल, शुक्रवार 05 नवंबर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

## गजल

दूर से ही न नजरें मिलाया करो,
कुछ तलक दूर तक आ भी जाया करो।
हाथ फैलाए रखने से क्या फायदा,
आप अपना हुनर भी दिखाया करो।
किस बरस जाने फिर से मुलाकात हो,
कम से कम आज तो मुस्कुराया करो।
अब हिफाज़त नहीं है शहर में कोई,
साकिया आजकल कम पिलाया करो।
कितनी नादान है आँसुओं की लड़ी,
वैर करके न इतना रुलाया करो।
खुश रहो तुम भी मैं भी रहूं सारथी
कुछ धरम ऐसा मिलकर निभाया करो।


गोविन्द सिंह सारथी
रायसेन(भोपाल)

## कविता

न हो निराश
न हो निराश, न हो निराश
अगर मन में है विश्वास,
सब कुछ शून्य है, नश्वर है।
पर तू बढ़ा अपना आत्मविश्वास।।

साहस की डुबकियां लगा।
सही मार्ग पर चलने से तू ना डगमगा,
असफलता को अपनी चुनौती बना,
और सफलता का दीप जला।।

थक कर बैठ गया, तो
भविष्य में बहुत पछताएगा।
कड़वा सच है अतीत,
उसको कैसे बदल पायेगा।।

अवरोधों का आगमन होगा।
अभिमान कि चकाचौंध होगी।।
निडर बनकर, कर सामना,
एक दिन! ज़रूर जीत होगी।।

तू तूफानों से भी लड़ने का रख हौसला,
इन बाधाओं, इन रूढ़ियों,
इन कठिनाइयों को अपने गले लगा।।

बस जरूरत है थोड़ी सी मेहनत की
तू भी दुनिया में पहचाना जाएगा।
कही तू अखबारों का पहला पन्ना होगा।।
तो कही किताबों में पढ़ा जायेगा।।

बस मन में रख विश्वास,
न हो निराश, न हो निराश।
सफलता कदम चूमेगी,
सिर झुकायेगा आसमां।

बस पीछे ना हटना,
ऐसे ही रखना कारवाँ।
न हो निराश, न हो निराश।।

*लेखक-:*
*नरेन्द्र अहिरवार*

# मुख्यमंत्री ने चितरंजन दास की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्री देशबन्धु चितरंजन दास की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री चितरंजन दास सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, वकील, कवि, पत्रकार तथा भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होंने कई बड़े स्वतंत्रता सेनानियों के मुकद्दमे लड़े।



श्री चितरंजन दास का जन्म 5 नवंबर 1870 को कोलकाता में हुआ।

वकालत में इनकी कुशलता का परिचय लोगों को सर्वप्रथम वंदेमातरम के संपादक श्री अरविंद घोष पर चलाए गए राजद्रोह के मुकदमे में मिला और मान सिकतला बाग षड्यंत्र के मुकदमे ने कलकत्ता हाईकोर्ट में इनकी धाक अच्छी तरह जमा दी। मुकदमों में ये पारिश्रमिक नहीं लेते थे। बाद में इन्होंने वकालत छोड़ दी और अपनी सारी सपत्ति मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल को दे डाली। इनके इस महान्त्याग को देखकर जनता इन्हें देशबंधु कहने लगी। उन्होंने स्वराज दल की स्थापना की। जिस वक्त देशबंधु चितरंजन दास जी का राजनैतिक जीवन चरम पर था, उसी अवधी में 16 जून 1925 को उनका निधन हो गया।

## गोवर्धन पूजा प्रकृति की पूजा का पर्व हैः मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज हमारा विश्व पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। आने वाले समय में सबसे बड़ी चिंता प्रकृति संरक्षण की है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। उनके नेतृत्व को भारत के साथ अन्य राष्ट्र भी स्वीकार करते हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी के यह प्रयास अभिनन्दनीय हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों को मध्यप्रदेश पूरा सहयोग करेगा। आम लोगों की भागीदारी के साथ पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

### स्वागत सम्मान समारोह में की समाज उत्थान पर चर्चा

# संघ अध्यक्ष राजेश अहिरवार का किया भव्य स्वागत



**आर,मांडले,पिपरिया।**

स्वागत सम्मान समारोह पिपरिया के तत्वधान में अहिरवार समाज संघ के द्वारा आयोजित दिनांक 31/10/2021 को दिन रविवार को पिपरिया होशंगाबाद में प्रदेश के नव नियुक्त पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष भाई राजेश अहिरवार जी का स्वागत समारोह रखा गया है जिसमें समस्तअहिरवार समाज संघ मध्यप्रदेश के प्रांतीय संस्थापक,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रभारी माननीय चौधरी अमानसिंह नरवरिया, नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष माननीय राजेश अहिरवार ,प्रांतीय सरंक्षक माननीय बी सी बरगले ,प्रदेश महासचिव श्री हरिशंकर बरगले युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील बामने ,आई टी सेल प्रभारी मध्यप्रदेश संजेश गोलिया सम्भागीय अध्यक्ष श्री कन्हैया लाल बामने ,जिला अध्यक्ष श्री गुमानसिंह मांडले ,युवा प्रकोष्ठ के सम्भागीय अध्यक्ष ओमप्रकाश साकले ,सम्भागीय उपाध्यक्ष संतोष आर्य ,वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाशअहिरवार ,मनमोहन, और दूर दराज से पधारे समाज के समस्त गणमान्य नागरिक आदि। महिला प्रदेश अध्यक्ष संगीता गोलिया सरिता चौधरी जी नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष , संतोष पथरिया जी राजनीति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विनय बामने जी, कैलाश प्रसाद खुराना जी, श्री राजेश अहिरवार जी के द्वारा समाज पर और संघ पर विशेष चर्चा की गई , समाज में कुरीतियां और समाज पर हो रहे अन्याय अत्याचार पर भी चर्चा महिला प्रकोष्ठ संगीता जी के द्वारा भी संघ की विस्तार रूपरेखा बताई गई भाई सुनील अहिरवार जी प्रदेश युवा अध्यक्ष द्वारा भी समाज में व्याप्त कुरीतियों पर विशेष विस्तार से समझाएं सभी के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई जो कि समाज के लिए नई दिशा और संघ के लिए भी विशेष रहे श्रीमान चौधरी अमन सिंह नरवरिया जी संघ संस्थापक द्वारा कुछ नव नियुक्तियां भी की गई जैसे मनमोहन सिंह जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ होशंगाबाद, चौधरी अभय सिंह जी सेवानिवृत्त एसडीओपी, संघ कानूनी सलाहकार, महेश राठोर जी कार्यवाहक अध्यक्ष जिला होशंगाबाद



### आयोजन कर्ता-

श्री राजू ठेकेदार जी नगर अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ, करोड़ी लाल गोलियां ब्लॉक अध्यक्ष, कल्लू भैया वरिष्ठ समाजसेवी ,आर मांडले जी युवा वरिष्ठ समाजसेवी , सतीश अहिरवार जी समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

# बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर लोटे युवा, धम्म भूमि श्रेष्ठ जीवन के लिए एक आंदोलन






**रायसेन।**

श्रामनेर पब्बज्जा एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन, दिनांक 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दिल्ली के सुखोथाई रिसोर्ट में किया गया ।

चित्त को एकाग्र करने, बौद्ध धम्म को आचरण में उतारने, और जीवन को श्रेष्ठ बनाने के लिए इस शिविर में करीब 500 लोगो ने भाग लिया मध्य प्रदेश के रायसेन विदिशा भोपाल ओर अन्य जिले से विद्या भारती बौद्ध एवं प्रमोद कम्बले जी के नेतृत्व में काफी लोग शिविर का हिस्सा बने ।



सभी ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। 10 दिन तक ध्यान साधना के माध्यम से धम्म को समझा । श्रामनेर पब्बज्जा एवं ध्यान साधना शिविर आयोजन समाप्ति कर वापिश आये भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी, नेपाल अहिरवार व अन्य युवा का कहना है की बुद्ध भगवान और बाबा साहब अंबेडकर जी का मार्ग ही हमारा असली मुक्ति मार्ग है।

युवाओ ने कहा हम श्रामनेर इसलिए गये ताकि अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकें।

भीम आर्मी के रायसेन जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ओर नेपाल सिंह अहिरवार ने कहा कि सदियों से हमारा समाज जातिवाद का दंश झेलते आ रहा है, रूढ़िवादिता व्यवस्था का शिकार होता चला आ रहा है, जाती के आधार पर लोगों पर अत्याचार हो रहे है । इन सबको रोकने के लिए जातिवादी व्यस्था से बाहर निकालने के लिए, बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलना होगा । बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने सन 1956 में 14 अक्टूबर को हिंदू धर्म त्याग कर बौद्ध धम्म अपनाया था । और बाबा साहब का अंतिम सपना था कि भारत बौद्ध मय हो । बाबासाहेब के सपने को पूरा करने के लिए हमने बौद्ध धम्म की दीक्षा ली , शिविर का आयोजन परम श्रद्देय भंते डॉ करुणाशील राहुल जी एवं मिशन जय भीम के संरक्षक दिल्ली कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम जी के सानिध्य में सुखोथाई रिसोर्ट बबाना दिल्ली में हुआ । भारत के लगभग सभी राज्यो से महिलाओं एवं पुरषों ने इस शिविर में भाग लिया , एक भिक्खु का जीवन केसा होता है 10 दिन तक अनुभव किया नवे दिन सभी भिक्खु संघ को नोएडा स्थित दलित प्रेरणा स्थल घुमाने लेकर गए और दिल्ली में विश्व शांति स्तूप पर सभी भिक्खु ने कैंडल जलाकर विश्व को शांति का संदेश दिया धम्म की दीक्षा लेने के बाद भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी ओर नेपाल सिंह अहिरवार के प्रथम नगर आगमन पर बाड़ी अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष श्री जी एल बरगले जी अजाक्स के ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत मालवीय, धनसिंह अहिरवार जी (पूर्व सरपंच) पोनिया एवं भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ अतुल, अहिरवार ,लोकेश, निशांत, अभिषेक,ओर उनके सभी साथियों ने बाड़ी बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया ढोल बाजे के साथ संत रविदास मंदिर आकर सभी लोगों ने बोद्ध बंदना करने के पश्चात सभा को सबोधित किया ओर सभी से तथागत बुद्द भगवान ओर बाबा साहेब के विचारो पर चलने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीज अनुदान राशि 7 दिन में जारी करें - कृषि मंत्री श्री पटेल

रायसेन। किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मंत्रालय में कृषि आदानों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन कृषकों को बीज वितरण अनुदान राशि नहीं मिल पाई है, उन्हें 7 दिन में राशि जारी करें। मंत्री श्री पटेल ने गेहूँ के बीजों पर अनुदान एक हजार रुपये प्रति क्विंटल 2 हेक्टेयर तक की सीमा के लिये जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने चने के बीजों को किसानों के मध्य लोकप्रिय बनाने के लिये 2 हेक्टेयर तक प्रति क्विंटल 2500 रुपये अनुदान देने के भी निर्देश दिये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिन कृषकों का अनुदान लंबित है, उन्हें तत्काल जारी करें। बैठक में कृषि विभाग के अपर संचालक श्री भूपत सिंह धुर्वे, उप संचालक श्री चतुर्वेदी और श्री बेल्ज़ारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सुकन्या खाते खुलवाकर बेटियों को समृद्ध करने का आव्हान




रायसेन। सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाएं घर-घर में खुशहाली लाएं की अवधारणा के साथ भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं की उच्च शिक्षा तथा विवाह हेतु व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह योजना शुरू की गई है। इस योजना के अन्तर्गत जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक की बेटियों का खाता खुलवाया जा सकता है, जमाकर्ता बेटी के नाम से एक ही खाता खोल सकता है। यदि माता-पिता या संरक्षक दो बेटियों के अलग-अलग एक खाता खोल सकते हैं, यदि जुड़वा बेटियां है तो जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर तीसरा खाता भी खोला जा सकता है, यह खाता एक वित्तीय वर्ष में 250 रूपये से शुरू किया जा सकता है। बच्ची की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर सुकन्या समृद्धि खाता में जमा राशि का 50 प्रतिशत राशि निकाला जा सकता है। बेटी की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर खाता परिपक्व होगा, बालिका का विवाह 18 वर्ष के बाद या 21 वर्ष के पहले होता है तो खाता बंद कर दिया जाएगा और ब्याज सहित समस्त रकम दे दी जाएगी। इसी प्रकार इस योजना से आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है और देश के किसी भी हिस्से में स्थानातांरित किया जा सकता है। खाता खोलने के लिए जरूरी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का फोटो पहचान पत्र, एड्रेस प्रूफ और माता-पिता की फोटो आवश्यक है। खाते मे न्यूनतम 250 रूपये अधिकतम 01 लाख 50 हजार रूपये वार्षिक जमा किया जा सकता है। इस खाते की अवधि कुल 21 वर्ष है।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत की छूट

रायसेन। सभी तरह की बसों में दिव्यांगजनों को यूनिक आईडी दिखाने पर किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के जिले के सभी क्षेत्रीय अतिरिक्त एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश के राजपत्र में 24 नवम्बर 2016 को किये गये प्रावधान के तहत समस्त प्रक्रम बस सेवाओं में विभिन्न प्रकार के दिव्यांग व्यक्तियों को प्रभारित किराये में 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, यदि वे सक्षम प्राधिकारी का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं। दिव्यांगजनों द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी युनिक आईडी (युडीआईडी) के तहत जारी किये गये परिचय-पत्र दिखाये जाने पर किराये में 50 प्रतिशत की छूट का लाभ दिया जाये।

---

**31 दिसम्बर तक दूसरे डोज की लक्ष्यपूर्ति के लिए सघन प्रयास हों, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में सात करोड़ वैक्सीन डोज लगने पर दी बधाई**

# दो डोज पूर्ण तो सुरक्षा संपूर्ण अब हमारा मंत्र होगा : मुख्यमंत्री

**रायसेन।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने वैक्सीनेशन में इतिहास रचा है। प्रदेश में प्रथम और द्वितीय डोज की संख्या 7 करोड़ को पार कर गई है। निश्चित ही कल मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन था। जहाँ प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत में 100 करोड़ वैक्सीन के डोज लग चुके हैं, जो अद्भुत और आश्चर्यजनक उपलब्धि है, वहीं मध्यप्रदेश ने भी 92 प्रतिशत लक्ष्य आबादी को प्रथम डोज और 37 प्रतिशत भाई-बहनों को कोरोना से बचाव का द्वितीय डोज लगाकर महत्वपूर्ण कार्य किया है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसके लिए सभी डाक्टर्स, स्टॉफ नर्स, वैक्सीनेटर, वैरीफायर, मोबेलाईजर, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, डेटा मैनेजर, कोल्ड चेन हैण्डलर, वैक्सीन वैन ड्रायवर, कोल्ड चेन टैक्नीशियन, ए.वी.डी., कन्ट्रोल एण्ड कमांड टीम आदि के सदस्य विशेष बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के सभी फ्रंट लाइन वर्कर्स को भी हृदय से बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभा कक्ष में प्रदेश में 7 करोड़ कोविड वैक्सीन डोज पूर्ण होने पर संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स भी इसमें शामिल हुए।

### *प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व से मिली है सफलता*

*मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सौ करोड़ आबादी को वैक्सीन का डोज लग चुका है, जो एक रिकार्ड है। पहली बार देश में वैक्सीन बनी। इससे पहले अन्य देशों में ही वैक्सीन बनती थी। भारत में स्वदेशी वैक्सीन विकसित की गई, जिसके लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की इच्छा शक्ति और हमारे वैज्ञानिकों के प्रयास महत्व रखते हैं।*

# बार-बार डेंगू सर्वे करने पहुंच रही टीमों को लोग नहीं दे रहे घरों में प्रवेश

**विदिशा।** शहर में डेंगू बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इधर बार-बार लार्वा सर्वे करने पहुंच रही मलेरिया विभाग की टीमों का रहवासियों से विवाद होने लगा है। लोगों का कहना है कि एक माह में 10 से 12 बार सर्वे हो चुका है, लेकिन न तो डेंगू का मच्छर नष्ट हो रहा और ना ही मरीज कम हो रहे हैं। जिसके चलते अब वह टीमों को घरों में प्रवेश देने से इंकार करने लगे हैं। रविवार को 9 नए मरीज सामने आए हैं। वहीं 15 घरों में लार्वा मिला है। बता दें कि शहर में पहले कभी डेंगू के इतने मामले सामने नहीं आए हैं जितने इस साल समाने आ रहे हैं। अभी तक जिले में जहां 276 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है वहीं शहर में ही इनकी संख्या बढ़कर 240 के आसपास पहुंच गई है जो चौकाने वाली है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्र बताते हैं सरकारी अस्पताल में जांच कराने वाले मरीजों की ही विभाग के पास जानकारी है। जबकि शहर की निजी क्लीनिकों में भी बड़ी संख्या में डेंगू बुखार के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। यदि इनकी संख्या और जोड़ दी जाए तो शहर में डेंगू की भयावह स्थिति दिखाई देगी। नाम नहीं छापने की शर्त पर कर्मचारी बताते हैं कि अब तो लार्वा सर्वे करना मुश्किल हो गया है। खासकर शहर के करैयाखेड़ा, सुभाषनगर, पूरनपुरा, मोहनगिरि, काछी मोहल्ला, बरईपुरा आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां 10 से 12 तक लोग पॉजिटिव निकले हैं। यहां हर बार टीम को सर्वे करने जाना पड़ रहा है। बार-बार सर्वे करने पहुंच रही टीम से परेशान होकर लोग दो टूक कहने लगे हैं कि आपके सर्वे से क्या हो रहा है। ना तो मच्छर मर रहा और ना ही मरीजों की संख्या कम हो रही है। लोग उन्हें बाहर नालियों में भरी गंदगी साफ कराने का बोल रहे हैं। जिससे वह परेशान हैं। इस संबंध में मलेरिया अधिकारी बीएम वरुण का कहना है कि यह बात सही है कि लोग नाराज होने लगे हैं जिसके चलते कई बार मुझे स्वयं उन्हें समझाने जाना पड़ता है।



### इन मोहल्लों में आए पाजिटिव

रविवार को जिले में नो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है जिनमें आठ मामले शहर के हैं। जिनमें करैयाखेड़ा, सुभाषनगर, शेरपुरा, तलैया, दुर्गानगर, बंटीनगर, अयोध्यानगर, राघवजी कालोनी और एक पॉजिटिव ग्राम भौंरिया में आया है।

# गुप्ता ग्राउंड में पटाखा बाजार, एसएनजी स्टेडियम में लगा दीपावली बाजार

**नर्मदापुरम (होशंगाबाद)।** पांच दिन दीपोत्सव के अवसर बाजार में त्योहारी सामग्रियों की दुकानें लगना शुरू हो गई हैं। पटाखा बाजार तो पहले से ही गुप्ता ग्राउंड में लगता आ रहा है। लेकिन इस बार एसएनजी स्टेडियम में दीपावली से संबंधित वस्तुओं की दुकानें पहली बार लगाई गई हैं। जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार नजर आ रहा है। हालाकि स्टेडियम में कम ही दुकानें लग पा रही हैं। बाजार की व्यवस्था के सुधार नपा का अमला शहर की सड़कों पर लगने वाली दुकानों को हटाने के लिए पहुंचा जिस पर कुछ दुकानदारों को हटाए जाने पर बहस भी हो रही थी। हर बार दीपावली के से तीन दिन पूर्व सतरस्ता, इंदिरा चौक, जय स्तंभ चौराहा, गांधी चौक, इतनी अधिक दुकानें लग जाती थी जिससे वाहन निकालना मुश्किल होता था। इस बार पहले से ही प्रशासन के द्वारा बाजार को व्यवस्थित करने की पहल की गई जिससे अब मुख्य चौराहों से आवागमन ठीक हो सकेगा। अब लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

### 9 लाइन में 300 दुकानें

एसएनजी स्टेडियम में नो लाइन लगाई गई हैं। जिसमें एक लाइन में कम से कम 15 दुकानें लगाई गई हैं। प्रथम और द्वितीय लाइन में लक्ष?मी जी की तीसरी और चौथी लाइन में दीयो की, चौथी और पांचवी लाइन में धानी लाई की तथा अन्य लाइनों की दुकानें लगाई गई हैं। जिनमें सीरीज, फूलमाला, रूई, तथा अन्य सजावटी सामग्री की दुकानें भी लगाई गई हैं। दुकानदार चमन लाल ने कहा कि हमें ठीक लग रहा है। लेकिन सभी दुकानें एक ही स्थान पर लगनी चाहिए।

# टेल क्षेत्र में नहीं पहुंचा पानी, पलेवा में हो रही परेशानी

**नर्मदापुरम (होशंगाबाद)।** रबी मौसम की बोवनी का समय शुरू हो गया है। रबी मौसम को ध्यान में रखते हुए जल संसाधन विभाग के द्वारा तवा बांध की नहरों से सिंचाई के लिए पानी छोड़ने की प्रक्रिया इस बार देरी से शुरू हुई है, इसके बाद भी टेल क्षेत्र के किसानों को पानी की किल्लत बनी हुई है। इसी के साथ बिजली भी पर्याप्त नहीं मिलने से लोगों को परेशानी हो रही है। फसल की कटाई होने के साथ ही पलेवा किया जा रहा है। बीते सप्ताह प्रयोग के तौर पर हरदा जिले के साथ ही सिवनी मालवा क्षेत्र में सिंचाई विभाग के द्वारा नहर में पानी छोड़ना शुरू कर दिया है लेकिन पानी कम ही दिया जा रहा है। अब दूसरी ओर की नहर से भी पानी छोड़ने की तैयारी हो रही है। सिंचाई विभाग से मिल रही जानकारी के अनुसार अब एलबीसी नहर से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

विशाखा पाईप
प्रो. महेश नरवरिया
8770613405
7509776922
शासकीय अनुदान पर पाईप उपलब्ध है।



सभी प्रकार के साईजो मे पाईप उपलब्ध है।
स्प्रींकलर सेट, पाईप लाइन सेट, ड्रिप सिस्टम, पी.वी.सी पाईप, मोटर आदि सब्सिडी पर उपलब्ध है।
M.D. & SONS
पताः वार्ड न. 14, ग्रीन वैली फॉरेस्ट नाका के सामने, सुल्तानपुर (रायसेन)

## अयोध्या में 5वीं बार बनेगा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

# 32 घाटों पर 10 लाख दीप सजाए गए, 5 मिनट में जलाना होगा इन्हें

**अयोध्या।** अयोध्या 5वें दीपोत्सव पर एक और रिकॉर्ड बनाने को आतुर है। 3 नवंबर की शाम 32 घाटों पर बिछे दीपकों की छटा देखने लायक होगी। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए 12 हजार वॉलंटियर तैनात हैं। इन्होंने दीप से रामायण कालीन प्रसंग सजाए हैं।

### गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में फिर नाम दर्ज कराने की तैयारी

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने राम की पैड़ी पर दीप बिछाने के काम को अंतिम रूप दे दिया है। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह की गाइडेंस में विश्वविद्यालय प्रशासन ने 32 घाटों पर लगभग 200 समन्वयक, 32 पर्यवेक्षक और 32 प्रभारी नियुक्त किए हैं। विश्वविद्यालय परिसर के कई विभाग, महाविद्यालय, स्वयंसेवी संस्थाएं और इंटर कॉलेज के शिक्षक और छात्र बतौर वॉलंटियर शामिल किए गए हैं।



### आजादी के अमृत महोत्सव, केवट प्रसंग का पैटर्न

राम की पैड़ी के 32 घाटों पर रामायण कालीन प्रसंग के लिए 10 लाख से अधिक दीप सजाए गए हैं। 3 नवंबर को इनमें तेल डालने के साथ 9 लाख 51 हजार दीए जलाने का लक्ष्य है। हर एक वॉलंटियर को 75 दीप जलाने हैं। राम की पैड़ी के घाट नंबर 2 पर आजादी के अमृत महोत्सव का पैटर्न दिया गया है। घाट नंबर 3 और 4 पर केवट प्रसंग और राम-रावण युद्ध के पैटर्न पर दीए सजाए गए हैं। घाट नंबर 5 और 6 पर रामभक्त हनुमान, जबकि एक पर भारत श्रेष्ठ भारत का लोगो देखते ही बन रहा है।

### वॉलियंटर को असुविधा न हो इसके लिए बसों का इंतजाम

विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि वॉलंटियर के लिए बसों का इंतजाम किया गया है। कोविड-19 के प्रोटोकॉल के साथ उन्हें दीप जलाने को कहा गया है। बिना ड्रेस कार्ड के किसी को घाट पर प्रवेश नहीं मिलेगा।

### ऐसे होती है दीपकों की गिनती

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के टाइम कंसल्टेंट निश्चल भनोट ने बताया कि रिकॉर्ड के लिए हर दीपक को कम से कम 5 मिनट एक समान जलाना होता है। एक ड्रोन के जरिए हम दीपों की गिनती करते हैं और दूसरा ड्रोन दीप के जलने और न जलने की हमें विजुअल जानकारी देता है।

## दिवाली आते ही होती है पटाखों से प्रदूषण की बात; पर्यावरण खराब करने में इनकी कितनी हिस्सेदारी?



**नई दिल्ली।** हर साल दिवाली आते ही पटाखों और प्रदूषण की चर्चा जोर पकड़ने लगती है। कई राज्य दिवाली पर पटाखों की बिक्री पर बैन लगा देते हैं, तो कई राज्य केवल ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की ही अनुमति देते हैं। इस साल भी अलग-अलग राज्यों ने पटाखों के इस्तेमाल पर अलग-अलग गाइडलाइन जारी की हैं।

कई राज्यों ने पटाखों पर पूरी तरह बैन लगा दिया है, तो कई राज्यों ने केवल 2 घंटे के लिए पटाखे चलाने की अनुमति दी है। दिवाली के समय पटाखों के इस्तेमाल को बैन करने से सवाल उठता है कि क्या वाकई पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं? अगर पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं तो क्या पटाखों से ही सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलता है? पटाखों में कौन से कैमिकल होते हैं, जो आपकी सेहत के लिए खतरनाक हैं? और कौन सा पटाखा कितना प्रदूषण फैलाता है? आइये जानते हैं...

### क्या पटाखे प्रदूषण फैलाते हैं?

हां। पटाखों से प्रदूषण होता है। पटाखे हवा में मौजूद डस्ट और पॉल्यूटेंट्स को बढ़ा देते हैं। साथ ही पटाखों में मौजूद अलग-अलग कैमिकल विस्फोट के बाद हवा में मिल जाते हैं। ये न सिर्फ पॉल्यूशन को बढ़ाते हैं बल्कि आपकी हेल्थ के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। पिछले कुछ सालों से ये ट्रेंड भी देखने को मिला है कि दिवाली के बाद एयर क्वालिटी में गिरावट आई है। दिल्ली में 2018 से 2020 का दिवाली से पहले और दिवाली के बाद का एयर क्वालिटी डेटा बता रहा है कि पटाखों की वजह से प्रदूषण बढ़ा है।

# शिवपुरी के पिछोर में किसानों ने किया हंगामा

### पैमेंट नहीं हुआ तो किसानों ने घेरा बैंक, लगाया जाम, तीन घंटे तक बाधित रहा यातायात

**शिवपुरी।** शिवपुरी के पिछोर सहकारी बैंक ने जब किसानों सहित अन्य ग्राहकों को मंगलवार की दोपहर उन्ही के खातों में जमा उन्हीं के पैसे का भुगतान करने से यह कहते हुए मना कर दिया कि बैंक में पैसा नहीं है तो बैंक उपभोक्ताओं ने बैंक का घेराव कर सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों द्वारा लगाए गए जाम से तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा।

**घोटाले के कारण रुका हुआ है भुगतान:** शिवपुरी में सहकारी बैंक में हुए 80 करोड़ से



अधिक का घोटाला उजागर होने के बाद सभी जिले के सभी बैंकों की जांच शुरू हो गई है। इस कारण भुगतान पर भी रोक लगा दी गई है, जिन लोगों को भुगतान किए जा रहे हैं वह भी नाममात्र के हो रहे हैं। यह हाल पिछोर बैंक में एक महीने से बने हुए हैं। इसी क्रम में आज जब किसान दीवाली के त्योहार की खरीदारी के लिए पैसा निकालने बैंक पहुंचे तो बैंक कर्मचारियों ने पैसा न होने की बात कह कर भुगतान करने से मना कर दिया। इस बात पर किसानों ने बैंक का घेराव कर लिया और बैंक कर्मचारियों से बात करने लगे, जब बात नहीं बनी तो दोपहर करीब 12:30 बजे किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया। यह जाम करीब तीन घंटे तक लगा रहा, मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई बात नहीं बनी व यातायात बाधित हुआ।

**पैसा आया और हुआ न्यूनतम भुगतान:** जब किसान जाम खोलने तैयार नहीं हुए तो भोपाल तक वरिष्ठ अधिकारियों के बात की गई, इसके बाद पिछोर शाखा में पैसा पहुंचाया गया।

## धनतेरस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खरीदी पूजा की थाली



*भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ रोशनपुरा चौराहा पहुँचकर धनतेरस के अवसर पर खरीददारी की। उन्होंने शगुन स्वरूप एक चाँदी का सिक्का, पूजा की थाली और दीपक खरीदा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जाएका पान भंडार की दुकान पर पान भी खाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बाजार में धनतेरस की खरीदारी के लिए आये सभी नागरिकों से भेंट कर धनतेरस की शुभकामनाएँ भी दीं।*

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मैराथन का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम, होशंगाबाद।** मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर के अवसर पर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। शहर के धार्मिक स्थलों के रूट पर यह दौड़ आयोजित हुई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर सेठानी घाट से दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ मनोज सरियाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। दौड़ में आयु वर्ष 18 से कम, 18 से अधिक, 25 से अधिक और 40 प्लस की कैटगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़ सेठानी घाट से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा के पास से सतरस्ता होते हुए रामजी बाबा समाधि स्थल पर पहुंची। दौड़ में स्कूली छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों एवं अन्य नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ में निर्धारित कैटिगरी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर व एसपी ने मेडल भेंट किए। दौड़ जिला प्रशासन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित की गई। मैराथन दौड़ में 18 वर्ष से कम आयु की बालिका वर्ग में प्रथम सुखिया काजले, द्वितीय सुनीता यादव और तृतीय स्थान पर चारू रही। बालक वर्ग में प्रथम अमित सोलंकी, द्वितीय कार्तिक नोरिया और तृतीय स्थान पर पुष्पेंद्र रहे।

### दीपावली पर दिल के रिश्तों की झप्पी में घुलेगा अपनों का दिया दर्द

# भोपाल के वृद्धाश्रमों में दीपावली पर्व के मौके पर बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटने के लिए लगी कतार। छात्रावास के बच्चे आएंगे दीपावली मनाने

**भोपाल।** कोई परिवार द्वारा ठुकराया हुआ है, तो कोई आत्मसम्मान के लिए घर व बच्चों को छोड़ आया। ऐसे बुजुर्ग जिनकी पथरीली आंखें अपनों की याद में हर दीपावली को उन्हें याद करती हैं, लेकिन उनके बच्चे नहीं आ पाते हैं। ऐसे में वृद्धजन वर्षों से अकेले ही इस आश्रम के दोस्तों के साथ दीपावली मना रहे हैं। कभी कुछ छात्रावास के बच्चे वृद्धाश्रम में भी दीपावली मनाने आते हैं। इस दीपावली पर भी दूसरों के प्यार की झप्पी से इन बुजुर्गों को अपनों से मिला दर्द घुल जाएगा। राजधानी के तीन बड़े वृद्धाश्रमों में दीपावली की खुशियां मनाने के लिए इस बार लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। पिछले वर्ष कोरोना के चलते यहां बुजुर्गों से मिलने-जुलने पर भी पाबंदी थी। इस बार कई परिवारों ने दीपावली



और उसके बाद के दिनों के लिए पहले से बुकिंग कराई है। सेवा भारती द्वारा संचालित आनंदधाम वृद्धाश्रम में 27 से अधिक लोगों ने बुजुर्गों के साथ दीपावली मनाने के लिए बुकिंग कराई है। अपना घर वृद्धाश्रम में अब तक 50 लोग बुकिंग करा चुके हैं। जिन्हें दीपावली के अगले दिन से मिलने का समय दिया गया है। यही स्थिति आसरा वृद्धाश्रम की भी है।

### अपना घर में आज रूप चौदस मनेगी

*कोलार स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में धनतेरस से लेकर गोवर्धन पूजा तक पांच दिन का दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसमें मंगलवार को ऐसे बच्चे आए, जिनके माता-पिता का निधन कोविडकाल में हो गया था। उन्होंने बुजुर्गों के साथ दीपावली का त्योहार मनाया। बुधवार को रूप चौदस का त्योहार भी मनाया जाएगा। इसमें शमा ब्यूटीशियन दादियों को रूप चौदस के लिए तैयार करेंगी। दीपावली के दिन जेके अस्पताल के छात्रावास में रहने वाले करीब 20 बच्चे दादा-दादी के साथ त्योहार मनाने आएंगे। उनके लिए दादियां हर साल पकवान बनाती हैं, ताकि अपने घर से दूर इन बच्चों को घर की याद ना आए। शिवाजी नगर आनंद धाम में 26 बुजुर्ग हैं। 27 लोगों ने धनतेरस से गोवर्धन पूजा तक की बुकिंग कराई है। इसमें 2500 रुपये में एक समय का भोजन और 5500 में अन्नापूर्णा पैकेज देने की बुकिंग लोगों ने की है। यहां पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए बाहर से खाने का सामान नहीं ले जा सकते हैं।*

## मध्यप्रदेश के 66वें स्थापना दिवस की थीम होगी आत्म-निर्भर मध्यप्रदेशः प्रमुख सचिव श्री शुक्ला




**भोपाल।** मध्यप्रदेश का 66वाँ स्थापना दिवस मध्यप्रदेश उत्सव सोमवार एक नवंबर को आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर मनाया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश उत्सव का भव्य आयोजन लाल परेड ग्राउंड में शाम 6-30 बजे होगा। उत्सव का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पार्श्व गायक श्री मोहित चौहान की संगीतमय प्रस्तुति होगी। साथ ही आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की थीम पर दिल्ली की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर सुश्री मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में लगभग 275 साथी कलाकारों की समवेत नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति होगी। करीब 45 से 50 मिनट की अवधि के नृत्य-नाटक को ध्वनि प्रकाश माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का प्रसारण सीएम मध्यप्रदेश, जनसंपर्क एमपी और संस्कृति विभाग के फेसबुक, ट्वीटर सहित डीडी एमपी चैनल पर किया जायेगा। कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड पर अति-विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन और निर्गम सत्कार द्वार से, विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन सत्कार द्वार से और निर्गम आईटीआई द्वार से तथा अन्य सभी व्यक्तियों का आगमन और निर्गम व्यवस्था विजय द्वार से की गई है। कार्यक्रमों में कोविड-19 संबंधी गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## राज्यमंत्री श्री यादव ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य-मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस (एक नवम्बर) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में श्री यादव ने कहा कि बीते वर्षों में प्रदेश ने कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास आदि क्षेत्र में काफी प्रगति की है। पेयजल की सुगम व्यवस्था के लिए जल जीवन मिशन में प्रदेश की ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने के कार्य में अब तक करीब 43 लाख नल कनेक्शन दिए जा चुके है। राज्य-मंत्री श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सुनियोजित प्रयासों और मार्गदर्शन में प्रदेश तरक्की और खुशहाली के नये आयाम स्थापित कर रहा है। राज्य-मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान की यही कोशिश है कि प्रदेश के हर नागरिक का जीवन खुशहाल हो। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में सहयोग का आव्हान करते हुए कहा है कि विकास और जन-कल्याण की सफलता काफी हद तक जन-सहयोग पर निर्भर करती है।

## उर्दू एवं अन्य भाषाएँ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**भोपाल।** उर्दू अकादमी द्वारा उर्दू एवं अन्य भाषाएँ विषय पर एक दिवसीय सेमिनार राज्य संग्रहालय में आयोजित किया गया। देश के प्रसिद्ध विद्वानों और वरिष्ठ साहित्यकारों ने शिरकत की। अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कहा कि अनुवाद में रुचि रखने वाले शोधार्थियों के लिए यह सुनहरा मौका है कि वो सेमिनार अनुवाद की परंपरा और महत्व के बारे में जानें। सेमिनार दो सत्रों में आयोजित की गई। पहला सत्र सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉ. रज़िया हामिद और नईम कौसर ने की। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ विकास दवे ने कहा कि अनुवादकों को अनुवाद करते समय भाषा के साथ साथ संस्कृति का ध्यान भी रखना चाहिए। हमारी भाषा के शब्द भंडार को समृद्ध करने के लिए विदेशी भाषाओं के मोहताज न बनते हुए भारतीय भाषाओं से नए शब्द लेना चाहिए। भाषाविदों को शब्द शास्त्री भी होना चाहिए ताकि समय आने पर वह अपनी ही भाषा के नए शब्द गढ़ सकें।

### गमक में उपशास्त्रीय गायिका डॉ. स्मिता राजन ने दी छठ गीतों की प्रस्तुति

# विविध कलानुशासनों की गतिविधियों का ऑनलाइन प्रदर्शन

**भोपाल।** संस्कृति विभाग की गमक श्रृंखला में आज भोजपुरी साहित्य अकादमी की ओर से छठ महिमा-पारंपरिक गायन में भोपाल की उपशास्त्रीय गायिका डॉ. स्मिता राजन और साथी एवं भोपाल के लोकगायक श्री बसंत सिंह और साथियों द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति का प्रसारण संस्कृति विभाग के यूट्यूब और फेसबुक पेज पर लाइव प्रसारित किया गया।




प्रस्तुति की शुरूआत डॉ. स्मिता राजन ने छठ गीतों से की। उन्होंने काँच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए..., हे छठी माता करब रउरी सेवा..., सोने के खडउआँ ए आदित तिलक लिलार, काँधे जनेउआ ए दीनानाथ..., छठी मईया बुनलन जीरवा जीरा भईले अपार..., मैं रउरा पूछी ला, ए आदित बाबा भोर भईले रउरा, जाईं ले कहाँ..., गीतों की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान हारमोनियम पर जितेंद्र शर्मा, तबला पर शशांक मिश्रा, सिन्थसाइजर पर दिलीप वासवानी, बाँसुरी पर लीलाधर आमटे एवं पेड पर बबलू ताम्रकार ने संगत की। दूसरी प्रस्तुति कलाकार श्री बसंत सिहं द्वारा लोक गीतों की दी गई। उन्होंने सूरज खष्टी व्रत की विधि..., दर्शन करने मैया के धाम..., मन भावन लागे छठी मैया के घाट..., छठी मैया सूरज बाबा से अरग दिलवा..., गीतों की प्रस्तुति दी। उनके साथ हारमोनियम पर श्री जितेंद्र शर्मा, ढोलक पर श्री रघुवीर सिंह, बैंजो पर गुरूवचन वानखेड़े, पेड पर श्री बबलू ताम्रकार ने संगत की।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने की देवतालाब को नगर पंचायत और तहसील बनाने की घोषणा

# जनता की जिंदगी को बेहतर बनाना ही मेरा ध्येय : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा जिले के देवतालाब में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देवतालाब को नगर पंचायत और तहसील बनाने की कार्यवाही शीघ्र शुरू होगी। सर्वेक्षण कर सोलर प्लांट लगाने के लिए स्थान तय किया जाएगा। कलेक्टर गौ-अभयारण्य की स्थापना के लिए सर्वेक्षण कराकर प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

देवतालाब बहुत पवित्र स्थल है। यहाँ के शिव मंदिर का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। उन्होंने देवतालाब और ढेरा में सीएम राइज स्कूल और बहुती एवं सीतापुर में पुलिस चौकी खोलने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 99 करोड़ 77 लाख रूपए के 59 कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सीतापुर से रायपुर कर्चुलियान सड़क का नाम क्षेत्र के शहीद की स्मृति में ÷दीपक सिंह÷ मार्ग करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान




विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम की आठ दिवसीय साइकिल यात्रा के समापन में शामिल हुए और साइकिल यात्रियों का सम्मान भी किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन कर बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक समस्या के बावजूद जन-कल्याण के कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।मेरी सरकार गरीबों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। लोगों का जीवन बेहतर बनाना मेरा ध्येय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 17 माह में किसानों के बैंक खाते में 172 हजार करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भू-अधिकार योजना से हर गरीब परिवार को आवासीय भूमि का अधिकार-पत्र निःशुल्क दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना में पुनः सर्वेक्षण कराकर पात्र लोगों के नाम जोड़े जाएँगे। संबल योजना पुनः शुरू कर दी गई है। गरीब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए पूरी सहायता दी जाएगी।

मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए उनकी फीस सरकार भरेगी। प्रदेश में इस वर्ष एक लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। स्व-रोजगार योजनाओं के माध्यम से भी युवाओं को रोजगार का अवसर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र के किसान गेहूँ तथा धान उत्पादन में रिकार्ड बना रहे हैं। यहाँ के किसान पंजाब को भी कुछ दिनों में मात दे देंगे। खेती के विकास के लिए सिंचाई सुविधा होना आवश्यक है। नईगढ़ी लिफ्ट एरीगेशन का कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। जिले के अन्य क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर वहाँ बाणसागर की नहर पहुँचाने का प्रयास होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने देवतालाब के प्रसिद्ध शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास के लिए आशीर्वाद माँगा।

### स्थापना दिवस कार्यक्रम



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राजभवन पहुँचकर सौजन्य भेंट की और मध्यप्रदेश के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

## सरदार पटेल की जयंती पर पनागर में दिलाई गई राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ

**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटैल की जयंती आज पनागर में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद एवं जनपद पंचायत द्वारा सयुंक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री सुशील तिवारी इंदू द्वारा उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में श्री अंकुर जैन, श्री आनंद जैन मिंचू, श्री गोवर्धन क्षेत्रपाल, श्री सर्वेश मिश्रा, श्री अनिल वंशकार तथा सीएसपी, थाना प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थिति थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरदार पटैल के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। सरदार पटैल की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दूसरे चरण में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने नगर पालिका परिषद पनागर से वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली को विधायक श्री सुशील तिवारी इंदू विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वे खुद भी रैली में शामिल हुये। वाहन रैली मुख्य मार्ग से होते छत्तरपुर रोड, आजाद वार्ड, भगत सिंह वार्ड, गांधी वार्ड एवं अभिमन्यु चौक होते हुये विद्यासागर वार्ड कमानिया गेट के पास सम्पन्न हुई।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने अहमदाबाद से आई 2 क्विंटल मिठाई जप्त की

### मिठाई के 9 सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए

**भोपाल।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन और गोविंदपुरा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में रविवार को अहमदाबाद से आई मिठाई की खेप में से 9 नमूने लेकर 2 क्विंटल मिठाई जप्त की गई है। जेनेट रेटेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा निर्मित इन मिठाइयों में अवयवी पदार्थों की सूची अंकित नहीं होने के कारण इसके मिलावटी और मिथ्याछाप होने की आशंका से 9 प्रकार की मिठाइयों के नमूने लेकर शेष मात्रा को जप्त किया गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री देवेन्द्र दुबे ने बताया कि आरक्षक श्री सुनील राठौर ने आईएसबीटी बस स्टेंड पर इस खेप का परिवहन होना पाकर खाद्य विभाग को सूचित किया। अभिहित अधिकारी श्री संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नमूना एवं जप्ती की सम्पूर्ण कार्यवाही थाना-गोविंदपुरा में की गई।

संपादकीय

## महिलाओं को 50 प्रतिशत टिकट क्यों नहीं दे सकते राजनीति दल



राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर प्रियंका गांधी चिंतित दिखाई दे रही हैं, उसी प्रकार से यदि वो सचमुच अपने मुद्दे पर अडिग रहीं तो राजनीतिक परिदृश्य में महिला प्रतिनिधियों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए पिछले दशक में प्रस्तावित आरक्षण एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। कांग्रेस महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने आगामी चुनावों में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का ऐलान किया है।

उन्होंने कहा है कि यह निर्णय पार्टी में आम सहमति से हुआ है। यदि मेरी मानी गई तो आने वाले समय में यह आरक्षण और बढ़ेगा। इसलिए यहां पर यह सवाल मौजूद है कि जब संख्या बल ही लोकतंत्र, सियासत और आरक्षण का आधार है तो फिर आधी आबादी के लिए 50 फीसदी टिकट यानी 50 फीसदी आरक्षण क्यों नहीं? और सिर्फ टिकट में ही क्यों, पहले अपनी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में तो महिलाओं के लिए 40 फीसदी (50 फीसदी अपेक्षित!) जगह बनाइए। एक बात और, प्रियंका गांधी चाहती हैं कि यूपी की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। उनका निर्णय उन महिलाओं के लिए है, जो पीड़ित हैं या दुश्वारियों का सामना कर रही हैं और बदलाव चाहती हैं। इसलिए सवाल फिर वही कि सिर्फ यूपी में ही क्यों, अन्य प्रदेशों या फिर पूरे देश में भी क्यों नहीं? और सिर्फ राजनीति में ही क्यों, प्रशासनिक ढांचे में भी क्यों नहीं? उन्हें सलाह है कि पहले आप उन राज्यों में से आधे या एक तिहाई राज्यों में महिला मुख्यमंत्री बनाएं। वहां के मंत्रिमंडल में, प्रशासनिक पदों पर और राज्यस्तरीय संगठन में महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत (50 प्रतिशत अपेक्षित है!) जगह तो बनाएं। इसके अलावा, 24 अकबर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में उपलब्ध सांगठनिक पदों, विभिन्न प्रदेशों के प्रभारियों आदि में महिलाओं को समुचित जगह तो फटाफट दें, ताकि यूपी की जनता को लगे कि यह आपकी चुनावी चाल नहीं है, बल्कि आप इसके लिए वाकई गम्भीर हैं। यदि इस बात पर पार्टी के विभिन्न स्तरों पर तड़ातड़ अमल हुआ तो निःसंदेह इस बात की क्रेडिट आपको और आपकी पार्टी को मिलेगी। इससे कांग्रेस के समर्थक और विरोधी दलों की पेशानी पर जब बल पड़ेगा तो महिलाओं की सहानुभूति कांग्रेस से बढ़ेगी। फिलवक्त, उज्जवला योजना और तीन तलाक नियंत्रण कानूनों से महिलाओं का वर्ग पूरी तरह से पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर फिदा है। हां, राज्यों में महिलाओं को यदि इससे भी अच्छा विकल्प मिला है तो उन्होंने कमल का मोह त्याग कर अन्य बटम भी दबाए हैं।

# विदेशी क्रिकेट टीम का समर्थन करिये, पर अपने देश के हारने का जश्न तो मत मनाइये

**भारत और पाकिस्तान में चूंकि द्विपक्षीय खेल का रिश्ता टूट चुका है और कभी कभार अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में ही मुलाकात होती है, इसलिए एक दूसरे की ताकत का अंदाज लगाना मुश्किल हो गया है। विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अजेय रहा है इसलिए भी हम अपनी जीत के प्रति आश्वस्त थे। टीवी चैनलों पर तमाम विशेषज्ञ भारत का पलड़ा भारी बता रहे थे। बहरहाल, अब इस बार 10 विकेट से हार का कलंक कप्तान विराट कोहली के माथे लग गया है।**

देश के जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थक लोगों की तादाद अधिक है। वहां भारत के खिलाफ पाकिस्तान की जीत पर खुशियां मनाने का रिवाज बहुत पुराना है। इस बार भी वहां कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों ने पाकिस्तान के पक्ष में नारे लगाए। दुबई में इन दिनों टी-20 का विश्व कप खेला जा रहा है। धूम धड़ाके वाले मैच चल रहे हैं। यह क्रिकेट का ऐसा प्रारूप है जिसमें किसी की जीत या हार की भविष्यवाणी करना खतरे से खाली नहीं है। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले भारत को सबसे मजबूत टीम माना जा रहा था लेकिन पहले ही मैच में पाकिस्तान ने हरा कर झटका दे दिया। सारे क्रिकेट पंडितों के कयास धरे रह गए।

भारत और पाकिस्तान में चूंकि द्विपक्षीय खेल का रिश्ता टूट चुका है और कभी कभार अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में ही मुलाकात होती है, इसलिए एक दूसरे की ताकत का अंदाज लगाना मुश्किल हो गया है। विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अजेय रहा है इसलिए भी हम अपनी जीत के प्रति आश्वस्त थे। टीवी चैनलों पर तमाम विशेषज्ञ भारत का पलड़ा भारी बता रहे थे। बहरहाल, अब इस बार 10 विकेट से हार का कलंक कप्तान विराट कोहली के माथे लग गया है। दोनों टीमों में जब भी भिड़न्त होती है, भावनाएं उबलने लगती हैं। हार या जीत को देश की प्रतिष्ठा से जोड़ कर देखा जाता है। जैसा कि हर बार होता है, इस बार भी पाकिस्तान की जीत पर भारत के कुछ हिस्सों में खुशियां मनाई गईं और पटाखे फोड़े गए।

यह अच्छी बात है कि इन सभी देश विरोधी तत्वों पर सरकार का शिकंजा कस गया है। इन पर केस दर्ज हो गए हैं। हालांकि, ऐसे देश विरोधी तत्वों को यह मौका बहुत कम ही मिलता है क्योंकि बड़े मुकाबलों में पाकिस्तान हमसे हारता ही रहा है, मगर 24 अक्टूबर 2021 को भारत को शर्मनाक पराजय नसीब हुई। इससे पहले 2017 में इंग्लैंड में आयोजित चैंपियंस कप के फाइनल में भारतीय टीम पाकिस्तान से हार गई थी। पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने वालों को उप्र की योगी सरकार ने अच्छा सबक सिखाया है। मुख्यमंत्री ने ऐसे लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने का हुक्म दिया है।

### कश्मीर में छात्रों ने मनाया जश्न

देश के जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थक लोगों की तादाद अधिक है। वहां भारत के खिलाफ पाकिस्तान की जीत पर खुशियां मनाने का रिवाज बहुत पुराना है। इस बार भी वहां कश्मीर विश्वविद्यालय के छात्रों ने पाकिस्तान के पक्ष में नारे लगाए। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान की जीत पर चहकने वाले मेडिकल छात्रों के खिलाफ %अवैध गतिविधियां रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इनमें सरकारी मेडिकल कॉलेज कर्णनगर और शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान के छात्रों को नामजद किया



गया है। जश्न से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे। इसका संदेश यही है कि ये लोग अपने देश से प्रेम नहीं करते हैं। भारत में रह कर भारत के प्रति नफरत करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने की जरूरत है। और केन्द्र सरकार इन लोगों के साथ ऐसा कर भी रही है। मगर,

### मुहम्मद शमी को निशाना बनाना ठीक नहीं

ये कब सुधरेंगे अथवा सुधरेंगे भी या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं ले सकता। अव्वल तो इनको देश से निकाल बाहर ही कर देना चाहिए। खेलों में जीत हार तो लगी ही रहती है। इसे उन्माद का रूप देना उचित नहीं है। भारत के साथ कटुता के बीज पड़ोसी देश ने ही बोए हैं। दोनों देशों में क्रिकेट के प्रति दीवानगी है। यही वजह है कि हार को पचाना मुश्किल होता है।

### योगी ने देशद्रोह का मुकदमा लगाने का दिया आदेश

इस मामले में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बहुत बढ़िया निर्णय किया है। पाकिस्तान की जीत पर उप्र के चार जिलों में देश विरोधी नारे लगाए गए थे। पुलिस ने सात व्यक्तियों के खिलाफ पहले ही अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब इन पर देशद्रोह की धारा भी लगाई जाएगी। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं भी कोई ऐसी वारदात हो जिसमें देश विरोधी कार्य किया जाता है तो उसमें देशद्रोह के तहत मुकदमा दर्ज करें। बता दें कि भारत-पाकिस्तान का मैच खत्म होने के बाद कुछ शहरों में पाकिस्तान के समर्थन में भारत विरोधी नारेबाजी हुई थी। कई जगहों पर लोगों ने पटाखे फोड़ कर एक वर्ग की भावनाओं को आहत किया। इस मामले में प्रदेश सरकार ने रिपोर्ट तलब की। पुलिस ने बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाने में एक अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अभियुक्त ने फेसबुक पर पाकिस्तान का झंडा लगाते हुए एक पोस्ट डाली थी। इसी तरह सीतापुर के रामपुर मथुरा थाने में फेसबुक पर पाक की जीत पर टिप्पणी करने वाले मुशर्रफ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। उधर, इसी सिलसिले में आगरा में इंजीनियरिंग के तीन कश्मीरी छात्रों को पकड़ा गया है। बरेली के इज्जतनगर में एक व्यक्ति ने वाट्सएप पर पाकिस्तान का समर्थन करते हुए स्टेटस लगाया था। इज्जतनगर थाने में ही एक अन्य शख्स के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। यह घटना बताती है कि हमारे देश में एक वर्ग ऐसा भी है जो अब भी पाकिस्तान से प्रेम करता है। इनके साथ नरमी बरतने का सवाल ही नहीं उठता। फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रवैया तो इस मामले में बेहद सख्त है। उन्होंने पिछले साल नागरिकता संशोधन विधेयक यानी सीएए के खिलाफ आंदोलन करने वालों की तस्वीर चौराहों पर लगवा दी थी। पाकिस्तान की जीत पर खुशी मनाने का एक प्रकरण राजस्थान से भी आया है। वहां एक स्कूल की अध्यापिका ने इस बारे में वाट्सएप पर कुछ लिखा था। उनकी करतूत भी सरकार की नजर में आ गई है। ये सब लोग भारत में रह कर पाकिस्तान का गुणगान करते हैं। इसे कोई भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

# पेगासस जासूसी मामले में सरकार ने खुद करा ली है अपनी किरकिरी

जब से यह खबर प्रकट हुई कि मोदी सरकार ने इस्राइल से जासूसी का पेगासस नामक उपकरण खरीदा है और वह भारत के सैकड़ों नेताओं, पत्रकारों, उद्योगपतियों, अफसरों आदि के कंप्यूटरों और फोन पर उस उपकरण से अपनी नज़र रखता है, एक हंगामा-सा खड़ा हो गया। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत सरकार की खूब खबर ले ली है। पिछले दो साल से चल रहे जासूसी के पेगासस नामक मामले में अदालत ने सरकार के सारे तर्कों, बहानों और टालमटोलों को रद्द कर दिया है। उसने कई व्यक्तियों, संगठनों और प्रमुख पत्रकारों की याचिका स्वीकार करते हुए जासूसी के इस मामले की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। यह जांच अब सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवा-निवृत्त न्यायाधीश आर.वी. रविंद्रन की अध्यक्षता में होगी और उसकी रपट वे अगले दो माह में अदालत के सामने पेश करेंगे। जब से यह खबर प्रकट हुई कि मोदी सरकार ने इस्राइल से जासूसी का पेगासस नामक उपकरण खरीदा है और वह भारत के सैकड़ों नेताओं, पत्रकारों, उद्योगपतियों, अफसरों



आदि के कंप्यूटरों और फोन पर उस उपकरण से अपनी नज़र रखता है, एक हंगामा-सा खड़ा हो गया। जब यह मामला अदालत में आया तो सरकार हकलाने लगी। वह ऐसी दिखी, जैसे कि चिलमन से लगी बैठी है। न साफ़ छुपती है और न ही सामने आती है। 500 करोड़ रु. के इस कीमती उपकरण का इस्तेमाल सरकार कहती है कि वह आतंकवादियों, तस्करों, ठगों और अपराधियों को पकड़ने के लिए करती है। यदि ऐसा है तो यह स्वाभाविक है। इसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन फिर सरकार उन नामों को अदालत से भी क्यों छिपा रही है? सरकार कहती है कि ऐसा वह राष्ट्रहित में कर रही है। लेकिन क्या यह काम लोकतंत्र-विरोधी नहीं है? अपने विरोधियों, यहां तक कि अपनी पार्टी के नेताओं और अपने ही अफसरों के विरुद्ध आप जासूसी कर रहे हैं और आप अदालत से यह तथ्य भी छिपा रहे हैं कि आप उस इस्राइल जासूसी यंत्र-तंत्र का इस्तेमाल कर रहे या नहीं? जैसे किसी ज़माने में औरतें अपने पति का नाम बोलने में हिचकिचाती थीं, वैसे ही पेगासस को लेकर हमारी सरकार की घिग्घी बंधी हुई है।

अदालत ने सरकारी रवैए की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसे कुछ भी उटपटांग काम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उसने सरकार के इस सुझाव को भी रद्द कर दिया है कि इस मामले की जांच विशेषज्ञों के एक दल से करवाई जाए। विशेषज्ञों को तो कोई भी सरकार प्रभावित कर सकती है। इसीलिए अब एक न्यायाधीश ही इस मामले की जांच करेंगे। यह मामला सिर्फ नेताओं और पत्रकारों की जासूसी का ही नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक के मानवीय अधिकारों की सुरक्षा का है।

## नई विमान सेवाओं से बढ़ेगा प्रदेश में पर्यटन और निवेशः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भोपाल से नई दिल्ली अतिरिक्त विमान सेवा प्रारंभ होने से प्रदेश में पर्यटन के विकास और नए निवेश को लाने में सहयोग मिलेगा। भोपाल और इंदौर से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के प्रारंभ होने से प्रदेश लाभान्वित होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज शाम केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा इंडिगो की फ्लाइट प्रारंभ किए जाने के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कांफ्रेंस द्वारा संबोधित कर रहे थे।

यह फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आग्रह किया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित थे। सांसद सुश्री प्रज्ञा ठाकुर भी वीसी द्वारा कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल के नागरिकों की बहुत वर्ष से मांग थी कि मध्यप्रदेश से दिल्ली की एयर




कनेक्टिविटी में वृद्धि हो। इस सुविधा का लाभ केवल यात्रियों के आवागमन के लिए नहीं होगा। इसका लाभ उद्योगों को लगाने, नए इनवेस्टमेंट को आमंत्रित करने, बिजनेस और व्यापार तथा मध्यप्रदेश के पर्यटन को बढ़ाने में भी मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्म-निर्भर भारत का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए गत वर्ष तय किया था कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए चार प्रमुख आयाम होंगे। इनमें एक अधोसंरचना भी है। हर तरह के परिवहन को बढ़ावा देना भी इसमें शामिल है।

# नकसीर की आयुर्वेदिक चिकित्सा

नाक से खून बहने की समस्या हममे से कई लोगों को परेशान करती है। इस समस्या को नकसीर के नाम से भी जाना जाता है। अगर आपके नाक की एक तरफ से बिना चेतावनी के, खून बहने लगता है, तो वह मौसम, शारीरिक व्यायाम, छींकें, और सर्दी-जुकाम के कारण होता है। अगर आपकी उम्र 50 से अधिक है और आप अनवरत रूप से रक्तस्राव के शिकार हैं तो अपने रक्तचाप का परिक्षण कराएँ, क्योंकि उच्च रक्तचाप रक्त पात्रों को हानि पहुँचाता है, जिससे प्रचुर मात्रा में रक्तस्राव होने लगता है।



## नकसीर के लक्षण और कारण

- **कारण:** संक्रमण, उच्च रक्तचाप, रक्त को पतला करने की औषधि का सेवन करना, मदिरापान, नाक में हल्की सी चोट, नाक को ज़ोर लगाकर साफ़ करना, सर्दी-जुकाम या फ्लू, कोकेन का अधिक मात्रा में प्रयोग करना, साइनस संक्रमण वगैरह।
- **लक्षण:** एक या दोनों नथुनियों से रक्तस्राव, उनींदापन, नकसीर के कारण सदमा या असमंजस।

## नकसीर के आयुर्वेदिक उपचार

- फिटकरी के पाउडर को गाय के घी के साथ मिलाकर नोज़ ड्रॉप्स की तरह नाक में डालने से नकसीर को रोकने में सहायता मिलती है।
- थोडा सा कपूर, धनिये के पत्तों के रस में मिला दें और इस मिश्रण को नाक में डालें। इस मिश्रण को नाक में डालने से नाक से खून बहना जल्दी बंद हो जाता है।
- 20 ग्राम आंवले को पूरी रात पानी में सोख कर रखें, और सुबह उस पानी को छान कर पी लें और आमला की लेई को अपने माथे और नाक के आसपास मल दें। इससे भी नाक का खून रुकने में आपको काफी मदद मिलेगी।
- लाल चन्दन, मुलेठी, और नाग केसर को समान मात्रा में मिलाकर चूरा बना लें और उसमे से 3 ग्राम चूरा दूध के साथ लेने से भी आपको नकसीर में लाभ मिलेगा।
- अनार के सूखे पत्तों का चूरा बनाकर सूंघने से भी नाक से रक्त का बहना काफी हद तक रुक सकता है।
- आम की गुठली के रस को सूंघने से भी नकसीर में लाभ मिलता है।
- 2 ग्राम केले के पेड़ के पत्ते, 20 ग्राम क्रिस्टल शुगर और 1-1/2 लीटर पानी का मिश्रण दिन में एक बार पीने से गंभी से गम्भोर नकसीर में भी लाभ मिलता है।
- एक दो बूँदें नींबू का रस नथुने में डालने से भी नाक से रक्तस्राव काफी हद तक रुक जाता है।
- एक ग्लास पानी में एक चुटकी नमक डाल दें और इस पानी को नाक में स्प्रे करें। ऐसा करने से नाक में से रक्तस्राव कम हो जाता है।
- जब नकसीर होता है तब यह पक्का कर लें आस पास का वातावरण शुष्क तो नहीं है। अगर है तो किसी अच्छे एयर ह्यूमिडीफायर से वातावरण को नम रखें जिससे आपके नाक की कार्यशीलता हल्की हो जायेगी और नाक से रक्तस्राव नहीं होगा।
- नाक के बाहरी हिस्से पर आइस पैक लगायें। यह बहुत ही सरल और असरदार तरीका है नाक से रक्तस्राव रोकने का।
- गीला तौलिया अपने सर पर रखने से भी नकसीर में लाभ मिलता है।

### नकसीर के अन्य उपचार

- कुर्सी पर शांत रूप से बैठें और अपना सिर पीछे की तरफ न झुकायें, और सामान्य स्थिति में रहने दें, ताकि रक्तस्राव गले के पीछे से नहीं बल्कि नाक से आसानी से हो सके।
- आइस पैक या आइस क्यूब नाक पर लगाने से भी रक्तस्राव को रोकने में सहायता मिलती है।
- अगर आप धूम्रपान के आदि हैं, तो उसे तुरंत रोक दें।
- शुष्क वातावरण में रहने से बचें। एयर कंडिशनर और एयर कूलर उत्तम होते हैं क्योंकि वे हवा में नमी को बनाये रखते हैं।
- गर्भनिरोधक गोलियों के प्रयोग में सावधानी बरतें, क्योंकि गलत गोलियों के प्रयोग से नाक से रक्तस्राव शुरू हो सकता है।

# सर्दियों में इन बूट्स से खुद को दें स्टाइलिश लुक



ठंड के मौसम में भी स्टाइल का बोलबाला होता है, ऐसे में आपको बूट्स पहनने की आजादी भी मिलती है, आइए हम आपको कुछ ऐसे बूट्स के बारे में बता रहे हैं जो ठंड से बचायेंगे और आपको स्टाइलिस बनायेंगे।

- **सर्दी में बूट्स का स्टाइल:** सर्दी ने दस्तक दे दी है और लोगों ने ठंड के कपड़े बाहर निकाल लिए हैं। अगर यूं कहें कि सर्दियों का सबसे अधिक इंतजार यूथ को होता है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। और ये इंतजार केवल बूट्स के कारण ही होता है जो ठंड से बचाने के साथ स्टाइलिश लुक भी देता है।
- **लॉन्ग बूट्स:** सर्दी की पार्टीज़ में सबसे अधिक जो बूट्स लोगों के पैरों में नजर आते हैं, वो है- लॉन्ग बूट्स। ये शॉर्ट सिंगल पीस और शॉर्ट स्कर्ट के साथ काफी स्टाइलिश लुक देते हैं और ठंड से भी बचाते हैं।
- **कैप-टो एंकल बूट्स:** ठंड की पार्टियों के लिए दूसरी पसंद कैप-टो एंकल बूट्स भी है। खासकर जब ये शाइनी मेटैलिक कलर में हो तो ये और ज्यादा स्टाइलिश लगते हैं।
- **फ्लैप-फ्रंट बूट्स:** ये बूट्स आजकल काफी चलन में है। ये पार्टी और ऑफिस दोनों में पहन जा सकने के कारण लोगों द्वारा काफी पसंद किए जा रहे हैं। इसकी खासियत है कि इसे हर सीजन में कैरी कर सकते हैं।
- **एंकल बूट:** एंकल बूट को आप रोजाना के आधार पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एंकल बूट में पेंसिल हील गर्ल्स काफी पसंद की जाती है क्योंकि ये लॉन्ग ड्रेस के साथ काफी स्टनिंग लुक देते हैं।
- **ओवर-द-एंकल बूट:** आपके पास केवल एक बूट खरीदने के पैसे हैं और आपके सामने रखें हो बहुत सारे बूट्स तो बेझिझक ओवर-द-एंकल बूट खरीदें। ये हर तरह के ड्रेस के साथ सूट कर जाते हैं।

# आप भी आजमायें स्कूल के दौर के ये हेयरस्टाइल



**स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चों में भी नए नए हेयरस्टाइल बनाने का शौक होता है। अगर आप भी स्कूल या कॉलेजे जाते हो तो फिशटेल, हाई स्लंग ब्रेड आदि हेयरस्टाइल अपना सकते है।**

## स्टूडेंट्स के हेयरस्टाइल

बदलते दौर के साथ स्कूल और कॉलेज जाने वाले बच्चों के स्टाइल में भी फर्क आ गया है। आजकल के बच्चे स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए जाते है। इसलिए वे अपने पहनावे और हेयरस्टाइल को लेकर भी सचेत रहते है। पुराने जमाने की तरह स्कूल में सिर्फ पोनी बांध कर जाना अब ज्यादा लोगो को पंसद नहीं आता है। इसलिए आज हम कुछ ऐसे हेयरस्टाइल लाए है जो आपके स्कूल की गरिमा को भी बनाए रखेंगे और आपकी ट्रेंडी लुक भी देंगे।

**फिशटेल:** इसे बनाने के लिये आपको बाल के दो भाग करने होंगे। यह हेयरस्टाइल स्कूल ड्रेस के साथ अच्छी लगेगी।यह चोटी बहुत ही सुंदर और क्लासी लगती है। इसको देखने में लगता है कि इसे बनाना बहुत मुश्किल होगा पर ऐसा है नहीं।

**खुले बाल:** खुले बालों का फैशन कभी भी आउट नहीं हो सकता। पर आजकल खुले बालों में भी कई हेयरस्टाइल आ गए है। रंग-बिरंगे बॉबी पिंस स्टूडेंट्स को बहुत भा रही हैं। बॉबी पिंस या क्लिप्स से आप अपने बाल बांध सकते हैं। खुले बालों को हेयर बैंड, रिबन, टिकटैक पिंस जैसी एक्सेसरीज से सजा सकते हैं। लेटेस्ट ट्रेंड में बालों की स्ट्रैंड्स को ट्विस्ट कर के बांध सकते हैं। साथ ही खुले बालों में बस एक लट को गूंथना भी क्लासी लुक देता है।

**हाई स्लंग ब्रेड:** मीडियम या लंबे बाल वाली लड़कियां इस हेयरस्टाइल को आसानी से कर सकती हैं। अपने बालों की कंघी पीछे की ओर करें। पीछे रबर बैंड लगा लें और बालों को गूंथना शुरू करें। चाहें तो फिशटेल बनाएं या सामान्य चोटी। जब आप नीचे पहुंच जाएं तो फिर से एक रबर बैंड लगा लें। ध्यान रखें कि नीचे की ओर खुले बाल कम न हों।

**खुले कर्ल्स:** सॉफ्ट कर्ल्स भी ट्रेंड में है। सॉफ्ट कर्ल्स के साथ-साथ हार्ड कर्ल्स, आउटर कर्ल्स काफी अच्छे लगते हैं। आप मैगी कर्ल्स परमानेंट या टेम्परेरी भी करवा सकते। एक टाइम पर स्ट्रेट बाल काफी इन थे, हर लड़की कॉलेज जाने से पहले प्रेसिंग मशीन से अपने बालों को खींचती रहती थी। मगर अब वह ट्रेंड पुराना हो चुका है।

# 48 की हुईं ऐश्वर्या

**■ मिस इंडिया बनने के लिए ऐश्वर्या राय ने ठुकराया था राजा हिंदुस्तानी का ऑफर, 9वीं क्लास में मिला था पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट**



**एक्ट्रेस ने साल 1994 में मिस वर्ल्ड का ताज हासिल किया था**

अपनी खूबसूरती, अदाओं और बेहतरीन अभिनय से लाखों लोगों को अपना दीवाना बना चुकी ऐश्वर्या राय बच्चन आज अपना 48वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस ने साल 1994 में मिस वर्ल्ड का ताज हासिल किया था। कई लोगों का मानना है कि मिस वर्ल्ड बनने के बाद एक्ट्रेस के लिए इंडस्ट्री के दरवाजे खुले थे, हालांकि ये गलत है। ऐश्वर्या की खूबसूरती को देखते हुए उन्हें कम उम्र में ही कई बड़े प्रोजेक्ट और फिल्मों के ऑफर मिले थे, लेकिन उन्होंने इन्हें ठुकरा दिया था। आज एक्ट्रेस के जन्मदिन के खास मौके पर आइए जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका करियर-

### 9वीं क्लास में मिला था पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट

ऐश्वर्या राय को उनका पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट 9वीं क्लास में कैमलिन कंपनी की ओर से मिला था। इस प्रोजेक्ट के बाद ऐश्वर्या को कोक, फूजी और पेप्सी के ऐड मिले। इसके साथ ऐश्वर्या को कई अन्य बड़े मॉडलिंग प्रोजेक्ट भी मिले। साल 1994 में मिस इंडिया में रनर अप बनने के बाद ऐश ने इसी साल मिस वर्ल्ड का क्राउन हासिल किया था। मिस वर्ल्ड बनने के बाद ऐश्वर्या राय की मांग इंडस्ट्री में काफी बढ़ गई थी जिसके चलते उन्हें लगातार फिल्मों के ऑफर मिले लगे थे।

### मिस इंडिया के लिए ठुकरा दिया था राजा हिंदुस्तानी का ऑफर

वॉग मैग्जीन को दिए एक इंटरव्यू के दौरान ऐश्वर्या ने बताया, कई लोगों ये मानते हैं कि मैंने ब्यूटी पैजेंट के जरिए बॉलीवड का रास्ता बनाया है, लेकिन मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ है। ब्यूटी पेजेंट से पहले ही मेरे पास चार फिल्मों के ऑफर थे। सच ये है कि मैंने फिल्म इंडस्ट्री से पीछे हटते हुए मिस इंडिया में भाग लेने का फैसला किया था। अगर मैं मिस इंडिया में भाग नहीं लेती तो शायद राजा हिंदुस्तानी मेरी पहली फिल्म होती।


### संजय लीला भंसाली की एक नजर पड़ते ही स्टार बनीं ऐश

राजा हिंदुस्तानी ठुकराने के बाद ऐश्वर्या आमिर के कहने पर इस फिल्म के प्रीमियर में पहुंची थीं। ऐश्वर्या को डर था कि कहीं प्रीमियर में पहुंचने से इंडस्ट्री के लोग उनसे नाराज न हो जाएं। यहीं उनकी पहली बार संजय लीला भंसाली से हुई थी। संजय ने अपनी फिल्म हम दिल दे चुके सनम के लिए लीड एक्ट्रेस की तलाश में थे। पहले इस रोल में भंसाली करीना कपूर या मनीष कोइराला को लेना चाहते थे, लेकिन जब उनकी ऐश से मुलाकात हुई तो उन्होंने अपना मन बदल लिया। 1999 में रिलीज हुई फिल्म हम दिल दे चुके सनम ऐश्वर्या के करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

### करियर की शुरुआत में दीं कई फ्लॉप फिल्में

ऐश्वर्या राय ने साल 1997 में आई मणि रत्नम की फिल्म ईरुवर से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसी साल एक्ट्रेस बॉलीवुड फिल्म और प्यार हो गया में नजर आई थीं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकीं थीं। इसके बाद ऐश तमिल फिल्म जींस और बॉलीवुड फिल्म आ अब लौट चलें में नजर आईं, लेकिन ये दोनों ही फिल्में फ्लॉप रहीं।





## वेडिंग बेल्सः बर्थडे से एक हफ्ते पहले सात फेरे लेंगी अंकिता लोखंडे



फिल्म और टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और विक्की जैन की शादी की तारीख सामने आई है। हालांकि दोनों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक अंकिता अपने बर्थडे से एक हफ्ते पहले यानी 12 से 14 दिसंबर के बीच शादी कर रही हैं। 19 दिसंबर को अंकिता का बर्थडे है, यानी ये वेडिंग उनके लिए एडवांस बर्थडे गिफ्ट होगी। अंकिता के लिए 2020 काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। उनके एक्स-ब्वॉयफ्रेंड सुशांत सिंह राजपूत की 14 जून को रहस्यमयी हालातों में मौत हो गई थी, इसलिए 2021 की एंडिंग वे हैप्पी नोड पर कर रही हैं।

### अंकिता का दूसरा प्यार हैं विक्की

अंकिता को सुशांत की मौत से बेहद सदमा लगा था क्योंकि एक वक्त वो और सुशांत एक-दूसरे के काफी करीब थे। तकरीबन सात साल तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद 2016 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। अंकिता को विक्की जैन के रूप में दूसरा प्यार मिला। विक्की पेशे से बिजनेसमैन हैं। अंकिता के साथ उनकी बॉन्डिंग बेहद खास है, दोनों को अक्सर ही सोशल मीडिया पर एक दूसरे के साथ रोमांटिक मोमेंट शेयर करते हुए देखा जाता रहा है।


## रोहित शेट्टी की कॉप बेस्ड वेब सीरीज में नजर आएंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा

**अर्जुन कपूर की द लेडी किलर में भूमि पेडनेकर की एंट्री**

फिल्ममेकर रोहित शेट्?टी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म %सूर्यवंशी% को लेकर चर्चा में हैं। इस कॉप ड्रामा फिल्म में अक्षय कुमार, कटरीना कैफ, अजय देवगन और रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। इस बीच अब खबर आ रही है कि डायरेक्टर रोहित शेट्?टी ने अब अपनी अपकमिंग कॉप बेस्ड वेब सीरीज के लिए कमर कस ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इस सीरीज को बनाने जा रहे हैं। इस सीरीज का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। सूत्र ने बताया, %सिड और रोहित पिछले कुछ समय से एक इस वेब सीरीज को लेकर चर्चा कर रहे थे। ये सीरीज अगले साल से शुरू की जाएगी और इसका निर्देशन सुशांत प्रकाश द्वारा किया जाएगा। हालांकि, यह एक कॉप-बेस्ड सीरीज है, लेकिन दर्शकों को इसमें काफी कुछ अलग और नया देखने को मिलेगा। सिद्धार्थ मल्होत्रा से पहले विक्की कौशल और टाइगर श्रॉफ में से किसी एक को कास्ट करने पर भी मेकर्स विचार कर रहे थे। रोहित न केवल सीरीज का निर्माण करेंगे बल्कि शो रनर भी होंगे। रोहित इस सीरीज की स्क्रिप्ट और एक्शन सीन्स पर बारीकी से काम कर रहे हैं।

### अर्जुन कपूर की द लेडी किलर में नजर आएंगी भूमि पेडनेकर

अर्जुन कपूर इन दिनों फिल्ममेकर अजय बहल की फिल्म %द लेडी किलर% को लेकर चर्चा में हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि इस फिल्म में भूमि पेडनेकर भी शामिल हो गई हैं। वह फिल्म में फीमेल लीड किरदार निभाएंगी। एक सूत्र ने कहा, ÷मेकर्स भूमि को फिल्म में शामिल करने के लिए बेहद उत्सुक थे और अभिनेत्री को भी स्क्रिप्ट पसंद आई है। फिलहाल कागजी कार्रवाई और अन्य औपचारिकताएं चल रही हैं। इसी बीच बहल ने फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू कर दिया है।÷ इस



फिल्म का निर्देशन अजय बहल ही कर रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की उम्मीद है। यह पहली बार होगा जब अर्जुन और भूमि एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। फिल्म को भूषण कुमार, शैलेश आर सिंह और कृष्णा कुमार मिलकर बना रहे हैं।

### अमृता राव ने बेटे की पहली सालगिरह पर उन्हें दिया अनोखा गिफ्ट

एक्ट्रेस अमृता राव और आरजे अनमोल का बेटा वीर 1 साल का हो गया है। दोनों ने पिछले साल 1 नवंबर 2020 को अपने माता-पिता बनने की जानकारी सोशल मीडिया पर देकर खुशी जाहिर की थी। करीबी सूत्रों से मिली जानकारी से यह पता चला है कि, वीर का पहला जन्मदिन सादगी के साथ करीबी रिश्तेदारों की मौजूदगी में घर पर ही मनाया जाएगा, क्योंकि अभी तक हमने पूरी तरह से कोरोना को मात नहीं दी है, अभी भी लड़ाई जारी है। वीर का केक एनिमल थीम पर आधारित होगा।

## द कपिल शर्मा शोः राजकुमार राव ने किया खुलासा

**बोले-पत्रलेखा को मैं अपनी फिल्म के कैरेक्टर की तरह नीच आदमी लगता था**



बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी गर्लफ्रेंड पत्रलेखा के साथ शादी की खबर को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी हाल ही में फिल्म हम दो हमारे दो ह्ज्ञ्ज्ञ में रिलीज हुई है। इसके प्रमोंशन के लिए वह अपनी को-स्टार कृति सेनन के साथ कपिल शर्मा के कॉमेडी चैट शो में द कपिल शर्मा शो में नजर आए थे। वहां उन्होंने अपने और पत्रलेखा के साथ पहली बार मिलने से लेकर कई खुलासे किए।

### आप मैरिज प्रॉबलम फिल्मों के लिए पर्फेक्ट फेस हैं?

शो में कपिल शर्मा ने राजकुमार से पूछा कि क्या उन्हें फिल्में संयोग से मिलती हैं या मेकर्स को लगता है कि वह मैरिज प्रॉबलम के लिए पर्फेक्ट फेस हैं? इस पर राजकुमार ने जवाब दिया कि मैंने अभी तक शादी नहीं की है और इसलिए हर कोई चाहता है कि वह एक्सपीरिएंस करें कि भविष्य में किस तरह के मुद्दे सामने आ सकते हैं। लोग चाहते हैं कि वह अपने सभी प्रयासों के लिए तैयार रहें।

### फिल्म के कैरेक्टर की तरह नीच हैं

राजकुमार ने ये भी बताया कि वह पहली बार अपनी गर्लफ्रेंड पत्रलेखा से कब मिले थे। उन्होंने खुलासा किया कि पत्रलेखा ने सोचा कि वह फिल्म %लव सेक्स और धोखा% में उस कैरेक्टर की तरह ही %नीच आदमी% हैं और उनसे बात तक नहीं की थी। हालांकि, जब हमारी बातचीत शुरू हुई तो हम दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। बता दें, पत्रलेखा और राजकुमार राव की शादी के लिए जिस तारीख की चर्चा हो रही है, वह 10, 11 और 12 नवंबर हैं। इंडस्ट्री में कपल के कुछ करीबी सेलेब्स को पहले ही बताया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शादी एक क्लोज सेरेमनी में होगी।

### राजकुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

वर्क फ्रंट में राजकुमार की फिल्म %हम दो हमारे दो रिलीज हुई है। उनकी अगली फिल्म %बधाई दो% में वह एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर के साथ नजर आने वाले हैं।

## त्योहार से पहले महंगाई का झटका

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 264 रुपए महंगा हुआ

### लगातार छठवें दिन बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम




**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले पेट्रोलियम कंपनियों ने आम आदमी को बड़ा झटका दिया है। 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 264 रुपए की भारी बढ़ोतरी की गई है। अब दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर 2000.50 रुपए का हो गया है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इधर, लगातार छठवें दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं।

### देश के प्रमुख शहरों में कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम

| शहर | दाम (रुपए में) |
|---|---|
| चेन्नई | 2133.00 |
| कोलकाता | 2073.50 |
| दिल्ली | 2000.50 |
| मुंबई | 1950.00 |

इस साल अब तक 668.50 रुपए महंगा हुआ सिलेंडर

31 दिसंबर 2021 को दिल्ली में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1332 रुपए पर थी, जो अब 2000.50 पर पहुंच गई है। यानी इस साल अब तक कॉमर्शियल सिलेंडर 668.50 रुपए महंगा हो चुका है। इससे पहले 1 अक्टूबर को भी इसकी कीमत में 43.5 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। कॉमर्शियल सिलेंडर के महंगे होने की वजह से रेस्टोरेंट का खाना-पीना काफी महंगा हो जाएगा।

**पिछले महीने ही घरेलू गैस की कीमत बढ़ाई गई थी:** घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में भी पिछले महीने ही बढ़ोतरी हुई थी। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने रसोई गैस के दाम 15 रुपए बढ़ा दिए थे। दिल्ली और मुंबई में नॉन-सब्सिडी वाले 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत अब 899.50 रुपए है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम भी बढ़े

इस बीच पेट्रोलियम कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के भी दाम में 35-35 पैसे की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 109.69 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि डीजल 98.42 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

## अमेरिकी बैंक से ज्यादा वैल्यू: मस्क और बेजोस की वैल्यू 500 अरब डॉलर हुई, शेयर्स में आई रिकॉर्ड तेजी



**मुंबई।** टेस्ला के एलन मस्क और अमेजन के जेफ बेजोस की कुल संपत्ति 500 अरब डॉलर पहुंच गई है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टेस्ला के शेयर्स में इस हफ्ते रिकॉर्ड तोड़ तेजी आई। इस शेयर की उछाल ने नैस्डैक 100 को इंट्राडे का रिकॉर्ड बना दिया।

### जॉनसन एंड जॉनसन से ज्यादा मार्केट कैप

नैस्डैक अमेरिकी शेयर बाजार है। शेयर्स में बढ़त से टेस्ला और अमेजन का मार्केट कैप जॉनसन एंड जॉनसन के मार्केट कैप से ज्यादा हो गया। जबकि दोनों का मार्केट कैप अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के बराबर है। भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप फिलहाल 3.5 ट्रिलियन डॉलर है। उधर अमेरिकी सीनेट के फाइनेंस अध्यक्ष रॉन वेडेन ने अवास्तविक लाभ पर अरबपतियों पर लगाए जाने के लिए एक महत्वपूर्ण टैक्स प्रस्ताव जारी किया। हालांकि बातचीत के घंटों बाद ड्रॉप कर दिया गया था।

### अरबपतियों की टैक्स स्कीम लागू रहेगी

वेडन ने जोर देकर कहा कि अरबपतियों की टैक्स स्कीम समाप्त नहीं हुई है, लेकिन इसके बजाय संभावित 3त्न सरचार्ज पर बात बनी है जो सबसे ज्यादा इनकम टैक्स का स्लैब होगा। यह स्लैब 10 मिलियन डॉलर से अधिक कमाने वालों के लिए होगा। जबकि इस तरह के प्रावधान से ज्यादा से ज्यादा धनकुबेर इसकी जद में आएंगे। बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अरबपतियों के टैक्स प्रपोजल के तहत, अगर प्रपोजल पास हो जाता है तो मस्क और बेजोस को सामूहिक रूप से 100 अरब डॉलर का एकमुश्त टैक्स बिल पांच साल में देना होगा।

### इस साल 122 अरब डॉलर बढ़ी संपत्ति

ब्लूमबर्ग इंडेक्स के अनुसार, टेस्ला और रॉकेट कंपनी स्पेस-एक्स के सह-संस्थापक मस्क ने इस साल अपनी संपत्ति में 122.3 अरब डॉलर जोड़ा है। इससे उनकी कुल संपत्ति 292 अरब डॉलर हो गई है। अमेजन के संस्थापक बेजोस की संपत्ति फिलहाल 196.3 अरब डॉलर है।

**10 अमीरों की संपत्ति 1.4 लाख करोड़ डॉलर:** इंडेक्स के मुताबिक बिल गेट्स और फेसबुक के मार्क जुकरबर्ग समेत 10 सबसे अमीर अमेरिकियों की कुल संपत्ति 1.4 लाख करोड़ डॉलर है। मस्क ने विडेन की

### 36 घंटे बैटरी बैकअप, फुल एंटरटेनमेंट और बेस्ट कैमरा इसे कर सकता है हिट

## जियोफोन नेक्स्ट की 10 बातें जो उसे अलग बनाएंगी

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो कंपनी अपने जियोफोन नेक्स्ट से अगले 6 महीनों में 5 करोड़ यूनिट्स बेचकर 10,000 करोड़ रुपए तक का कारोबार करने का प्लान बनाया है। कंपनी ने फोन को 6499 रुपए में लॉन्च किया है। कीमत आने के बाद सोशल मीडिया में आए लोगों के रिएक्शन और एक्सपर्ट की राय में इसे उम्मीद से ज्यादा महंगा माना जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या ये फोन इस बजट सेगमेंट लोगों की पसंद बन पाएगा। इसी को देखते हुए आज हम आपको फोन की वो10 बातें बता रहे हैं जो फोन की डिमांड बढ़ा सकती हैं। साथ ही बताएंगे कि क्या यह फोन मार्केट में मौजूदा अन्य ब्रांड के फोन से सस्ता होगा या नहीं। तो आइए शुरू करते हैं.......



#### पहले जियोफोन नेक्स्ट की 10 खूबियों के बारे में जानते हैं

1.**रीड आउट लाउड फीचर** – फोन में जो कुछ टेक्स्ट फॉर्मेट में होगा उसे आप अपनी भाषा में रीड आउट फीचर से सुन पाएंगे। फोन की स्क्रीन पर दिखने वाले कंटेंट को तेज आवाज में सुन पाएंगे। यानी यूजर को कंटेंट पढ़ने की जरूरत नहीं होगी। इससे अलग-अलग भाषाओं में सुनने का ऑप्शन भी मिलेगा। साथ ही वॉइस असिस्टेंट फीचर की मदद से यूजर अपने डिवाइस को कंट्रोल कर पाएंगे। जैसे ऐप ओपन करना, उसमे मैनेज करना आदि। इसके साथ अपनी भाषा में कमांड देकर इंटरनेट की मदद से डेटा सर्च कर पाएंगे।

2.**ट्रांसलेशन फीचर**– फोन में गूगल ट्रांसलेशन गूगल लेंस इनबिल्ट मिलेगा। इसकी मदद से स्क्रीन में दिखाए गए किसी कंटेंट या फिर कैमरे से स्कैन करके किसी भी भाषा को अपने मनपसंद भाषा में बदलकर समझ सकते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई में सुविधा हो जाएगी। स्टूडेंट्स अलग-अलग भाषाओं के नोट्स अपनी भाषा में कंनवर्ट करके पढ़ पाएंगे।

3.**नाइट मोड कैमरा**– फोन में 13 मेगापिक्सल का रियर और 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा मिलेगा। ये नाइट मोड, पोट्रेट मोड और ‖छ्क्र मोड को सपोर्ट करते हैं। इसकी मदद से रात में कम लाइट में भी साफ फोटो आती है।

4.**सेल्फी कैमरा फिल्टर**– फोन में कुछ फेस्टिवल फिल्टर्स भी मिल रहे हैं। इसमें सेल्फी लेने पर अपने आप चेहरे में चश्मा लग जाता है। साथ ही हैपी दीवाली कैप्शन भी लिखकर आता है।

5.**अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट** – जियो अपने यूजर्स को फोन में कई सारे प्री-लोडेड एंड्रॉयड ऐप्स मिलेंगे। यूजर प्ले स्टोर की मदद से ऐप्स डाउनलोड भी कर पाएंगे। फोन में जियो टीवी ऐप्स भी मिलेगा।

6.**सिंगल चार्ज पर 36 घंटे की बैटरी**– इसमें 3500द्धद्ध की बैटरी दी है। कंपनी का दावा है कि एक बार पूरी तरह चार्ज करने पर यह 36 घंटे तक काम करेगी।

### 7.प्रगति OS ऑपरेटिंग सिस्टम–

फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम को गूगल ने तैयार किया है। जो एंड्रॉयड गो पर आधारित है। यही वजह है कि जियोफोन नेक्स्ट कई भारतीय भाषाओं को सपोर्ट करता है। यूजर्स फोन के साथ बातचीत कर सकेंगे और उसी भाषा में फीडबैक भी प्राप्त कर सकेंगे।

8.**सिक्योरिटी अपडेट** – फोन में ऑटोमैटिक सॉफ्टवेयर अपडेट का ऑप्शन मिलेगा। इससे समय-समय पर फोन को बेहतर और फास्ट करने के लिए अपडेट मिलते रहेंगे। इसमें सिक्योरिटी अपडेट भी शामिल रहेंगे।

9.**EMI प्लान** – इसे 1,999 रुपए के डाउन पेमेंट पर खरीदा जा सकता है। बचा हुआ अमाउंट 18 या 24 महीने की आसान EMI में देना होगा। इसकी मिनिमम EMI 300 रुपए और मैक्सिमम EMI 600 रुपए है।

10.**डाटा प्लान से पैसे बचेंगे**– कंपनी ने फोन खरीदने के लिए चार प्लान दिए हैं। इसमें ऑलवेज ऑन प्लान में यूजर को 300 रुपए और 350 रुपए में 5त्नक्क डाटा और कॉलिंग के लिए 100 मिनट मिलेंगे।

## RBI ने जारी की नई गाइडलाइन: अब 5 करोड़ रुपए से कम एक्सपोजर वाले ग्राहक किसी भी बैंक में करंट अकाउंट खुलवा सकेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (ऋक्चद्ब) ने शुक्रवार को करंट अकाउंट से जुड़ी नई गाइडलाइन जारी की। नई गाइडलाइन के तहत बैंक उन ग्राहकों का भी करंट अकाउंट ओपन कर सकेंगे, जिन्होंने अन्य बैंकों से कैश क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट जैसी क्रेडिट फैसेलिटी ले रखी है। हालांकि केवल 5 करोड़ रुपए से कम के बैंकिंग एक्सपोजर वाले कर्जदार ही ये सुविधा ले पाएंगे। ऋक्चद्ब ने बैंकों से एक महीने के भीतर ये बदलाव लागू करने को कहा है।

**ग्राहकों को अंडरटेकिंग देनी होगी:** आरबीआई ने अपने सर्कुलर में कहा कि 5 करोड़ रुपए से कम के बैंकिंग सेक्टर एक्सपोजर वाले कर्जदार बिना किसी प्रतिबंध के करंट अकाउंट ओपन करा सकते हैं। कैश क्रेडिट अकाउंट और ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी ले सकते हैं। हालांकि इसके लिए कर्जदारों को




अंडरटेकिंग देनी होगी। अंडरटेकिंग के तहत उन्हें 5 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की क्रेडिट फैसिलिटी होने पर बैंक को बताना होगा।

### 5 करोड़ रुपए से ज्यादा के एक्पोजर होने पर ये नियम

5 करोड़ रुपए से ज्यादा के बैंकिंग सेक्टर एक्सपोजर वाले कर्जदार केवल एक ही करंट अकाउंट ओपन करवा पाएंगे। यह कर्जदारों की पसंद का कोई भी बैंक हो सकता है जहां उसके पास पहले से ही कैश क्रेडिट और ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी हों। उस बैंक में कर्जदार का कम से कम 10त्न एक्सपोजर भी होना चाहिए।

**फीडबैक के बाद RBI ने गाइडलाइन जारी की:** इंडियन बैंक एसोसिएशन और अन्य हितधारकों से मिले फीडबैक के बाद ने ये गाइडलाइन जारी की है। अगस्त 2020 में ने गाइडलाइन जारी करते हुए करंट अकाउंट से जुड़े प्रतिबंध बैंकों पर लगाए थे। ये प्रतिबंध क्रेडिट डिसिप्लिन लागू करने और फंड के डायवर्जन को रोकने के लिए थे।

## घर बैठे मिलेगा डीजल: इंडियन ऑइल ने शुरू की डीजल की होम डिलीवरी




**नई दिल्ली।** तेल कंपनी इंडियन ऑइल कॉरपोरेशन ने दिल्ली की स्टार्टअप हमसफर इंडिया के साथ मिलकर डीजल की डोरस्टेप डिलीवरी सेवा शुरू की है। एक मोबाइल ऐप, फ्यूल हमसफर के माध्यम से दी जाने वाली सेवा ने पंजाब राज्य के पटियाला और नए जिले मलेरकोटला में 20 लीटर सफर 20 (Safarw®) जेरी कैन में डीजल की डिलीवरी शुरू कर दी है।

**इन राज्यों में मिलेगी ये सर्विस:** कंपनी ने कहा कि यह सेवा उन ग्राहकों के लिए है जो 20 लीटर से कम मात्रा में डीजल चाहते हैं। कंपनी के अनुसार, सेवाएं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, असम, केरल, गुजरात, गोवा और नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद और गाजियाबाद सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में उपलब्ध हैं।

**फ्यूल हमसफर ऐप के जरिए मिलेगी सुविधा:** हमसफर इंडिया की संस्थापक और निदेशक सान्या गोयल ने कहा कि अब उनकी ओर से फ्यूल हमसफर (Fuel Humsafar) के नाम से एक यूजर के अनुकूल ऐप बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग किया गया है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)